www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

17/MV/M–2023–01

**Booklet Series**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**A**

**Serial No.**

Question Booklet

# GENERAL STUDIES AND HINDI

## Paper—3

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 120**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet is divided into two Parts—Part–I and Part–II. Part–I contains questions of **GENERAL STUDIES** and Part–II contains questions of **HINDI**.
2. **Part–I** consists of Question Nos. **1** to **40** (the questions and their responses are printed in English and Hindi versions both) and **Part–II** consists of Question Nos. **41** to **120**.
3. Attempt questions from Part–I and Part–II.
4. **All** questions carry equal marks.
5. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including four pages (Page Nos. 28 to 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name, Roll No., Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–1 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Each question comprises of **five** responses—(A), (B), (C), (D) and (E). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **five** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ against each question. To answer the questions, you are to mark with Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one answer for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. For each question for which a wrong answer has been given by the candidates, **one-fourth** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
12. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
13. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
14. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART—I

### ( GENERAL STUDIES )

**1.** 10 years ago the ratio of ages of Ramesh and Rajeev was 1 : 3. 5 years hence this ratio will become 2 : 3. What is the ratio of their ages at present?

(A) 2 : 5

(B) 3 : 5

(C) 1 : 2

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**2.** If I walk with a speed of 5 km per hour from my house to the station, my train would have left the station 7 minutes before my arrival. But, if I walk with a speed of 6 km per hour, I will reach the station 5 minutes before the departure of my train. Accordingly, what is the distance between my house and the station?

(A) 7 km

(B) 6·5 km

(C) 6 km

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**3.** The average monthly income of *P* and *Q* is ₹ 5,050. The average monthly income of *Q* and *R* is ₹ 6,250 and the average monthly income of *P* and *R* is ₹ 5,200. The monthly income of *P* is

(A) ₹ 3,500

(B) ₹ 4,050

(C) ₹ 4,000

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**4.** If 30% of *P* is added to 40% of *Q*, it becomes 80% of *Q*. Accordingly, what is the percentage of *Q* with respect to *P*?

(A) 40%

(B) 50%

(C) 75%

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**5.** A sum of money is to be distributed among *A*, *B*, *C*, *D* in the proportion of 5 : 2 : 4 : 3. If *C* gets ₹ 1,000 more than *D*, what is *B*'s share?

(A) ₹ 500

(B) ₹ 1,500

(C) ₹ 2,000

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART—I

### ( GENERAL STUDIES )

**1.** 10 वर्ष पूर्व रमेश एवं राजीव की आयु का अनुपात 1 : 3 था। अब से 5 वर्ष पश्चात् यह अनुपात 2 : 3 हो जायेगा। वर्तमान में उनकी आयु का अनुपात क्या है?

(A) 2 : 5

(B) 3 : 5

(C) 1 : 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** यदि मैं अपने घर से 5 कि॰ मी॰ प्रति घंटा की गति से स्टेशन के लिए चलता हूँ, तो मेरी गाड़ी मेरे स्टेशन पहुँचने से 7 मिनट पहले छूट चुकी होती है। किन्तु यदि मैं 6 कि॰ मी॰ प्रति घंटा की गति से चलता हूँ, तो मैं स्टेशन पर गाड़ी के छूटने से 5 मिनट पहले पहुँच जाता हूँ। तदनुसार, मेरे घर और स्टेशन के बीच की दूरी क्या है?

(A) 7 कि॰ मी॰

(B) 6·5 कि॰ मी॰

(C) 6 कि॰ मी॰

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** $P$ और $Q$ की औसत मासिक आय ₹ 5,050 है। $Q$ और $R$ की औसत मासिक आय ₹ 6,250 है तथा $P$ और $R$ की औसत मासिक आय ₹ 5,200 है। $P$ की मासिक आय है

(A) ₹ 3,500

(B) ₹ 4,050

(C) ₹ 4,000

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** यदि $P$ का 30%, $Q$ के 40% में जोड़ दिया जाय, तो वह $Q$ का 80% हो जाता है। तदनुसार $Q$, $P$ का कितना प्रतिशत है?

(A) 40%

(B) 50%

(C) 75%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** $A$, $B$, $C$, $D$ के बीच 5 : 2 : 4 : 3 के अनुपात में धन का वितरण किया जाना है। यदि $C$ को $D$ से ₹ 1,000 अधिक मिलते हैं, तो $B$ का हिस्सा क्या है?

(A) ₹ 500

(B) ₹ 1,500

(C) ₹ 2,000

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**6.** A shopkeeper gives a discount of 5% on the selling price of a watch. If he gives a discount of 6%, he will earn a profit which is ₹ 15 less than the before. Accordingly, what is the marked selling price of that watch?

(A) ₹ 1,400

(B) ₹ 1,500

(C) ₹ 1,800

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**7.** Three numbers are in the ratio 3 : 4 : 5. The total of the largest and the smallest numbers is equal to the other number plus 52. Accordingly, which is the smallest number?

(A) 27

(B) 39

(C) 52

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**8.** If $2^{2n-1} = \frac{1}{8^{n-3}}$, then the value of $n$ is

(A) 3

(B) 2

(C) – 2

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**9.** Which of the following photo-electric devices is the most suitable for digital applications?

(A) Photo-voltaic cell

(B) Photo-emissive cell

(C) Photo-diode

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**10.** The critical mass of a fissionable material is

(A) one kilogram equivalent

(B) the minimum mass needed for chain reaction

(C) the rest mass equivalent to $10^{10}$ joules

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**11.** Which of the following gases is used to force the ripening of fruits?

(A) Ethane

(B) Ethylene

(C) Methylene

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**12.** Which one of the following has zero octane number?

(A) Iso-octane

(B) Neo-octane

(C) $n$-octane

(D) More than one of the above

(E) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**6.** एक दुकानदार एक घड़ी बेचते समय बिक्री मूल्य पर 5% छूट देता है। यदि वह उस पर 6% छूट दे देता है, तो उसे पहले से ₹ 15 कम का लाभ मिलेगा। तदनुसार, उस घड़ी का अंकित बिक्री मूल्य क्या है?

(A) ₹ 1,400

(B) ₹ 1,500

(C) ₹ 1,800

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**7.** तीन संख्याएँ 3 : 4 : 5 के अनुपात में हैं। उनमें सबसे बड़ी एवं सबसे छोटी संख्याओं का योग, दूसरी संख्या तथा 52 के योग के बराबर है। तदनुसार, सबसे छोटी संख्या कौन-सी है?

(A) 27

(B) 39

(C) 52

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** यदि $2^{2n-1} = \dfrac{1}{8^{n-3}}$, तो $n$ का मान है

(A) 3

(B) 2

(C) – 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** निम्नलिखित में से कौन-सा फोटो-इलेक्ट्रिक उपकरण डिजिटल अनुप्रयोगों के लिए सबसे उपयुक्त है?

(A) फोटो-वोल्टिक सेल

(B) फोटो-उत्सर्जक सेल

(C) फोटो-डायोड

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** किसी विखण्डनीय द्रव्य का क्रान्तिक द्रव्यमान होगा

(A) एक किलोग्राम समतुल्य

(B) शृंखला अभिक्रिया हेतु आवश्यक न्यूनतम द्रव्यमान

(C) $10^{10}$ जूल के समतुल्य विराम द्रव्यमान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** फलों को जबरदस्ती पकाने के लिए निम्नलिखित में से किस गैस का उपयोग किया जाता है?

(A) ईथेन

(B) एथिलीन

(C) मेथिलीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित में से किसकी ऑक्टेन संख्या शून्य है?

(A) आइसो-ऑक्टेन

(B) निओ-ऑक्टेन

(C) $n$-ऑक्टेन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** The edible part of Litchis is

(A) aril

(B) thalamus

(C) seed coat

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**14.** The physical process involved in the release of molecular oxygen from leaves is

(A) diffusion

(B) transpiration

(C) osmosis

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**15.** The process of finding the relative location of genes on a chromosome is called

(A) genome walking

(B) chromosome walking

(C) gene mapping

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**16.** Spore mother cell in bryophytes is

(A) haploid

(B) diploid

(C) triploid

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**17.** In which year was NGT (National Green Tribunal) for protection of environment and forest established by the Government of India?

(A) 2010

(B) 2011

(C) 2012

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**18.** Which city of India started first under-water metro?

(A) Kochi

(B) Visakhapatnam

(C) Bengaluru

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**19.** Under India's G20 Presidency, where was the Tourism Working Group Meeting held?

(A) Patna (Bihar)

(B) Srinagar (Jammu and Kashmir)

(C) Ramnagar (Uttarakhand)

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**20.** Who among the following got the Silver Medal in the National Under-17 Girls Wrestling Championship?

(A) Liza Tomar

(B) Nirjala

(C) Pushpa Yadav

(D) More than one of the above

(E) None of the above

www.prepp.in

**13.** लीची का खाद्य भाग है

(A) एरिल

(B) थैलेमस

(C) बीज कोट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** आणविक ऑक्सीजन का पत्तियों से निकलना कौन-सी भौतिक क्रिया है?

(A) विसरण

(B) वाष्पोत्सर्जन

(C) परासरण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** किसी गुणसूत्र पर जीनों की आपेक्षिक स्थिति ज्ञात करने की प्रक्रिया कहलाती है

(A) जीनोम का चलना

(B) गुणसूत्र का चलना

(C) जीन मानचित्रण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** ब्रायोफाइट में बीजाणु मातृ कोशिका होती है

(A) अगुणित

(B) द्विगुणित

(C) त्रिगुणित

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** भारत सरकार द्वारा पर्यावरण और वन की सुरक्षा के लिए किस वर्ष NGT (नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की स्थापना की गई थी?

(A) 2010

(B) 2011

(C) 2012

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** भारत के किस शहर ने सबसे पहले पानी के नीचे मेट्रो की शुरुआत की?

(A) कोच्चि

(B) विशाखापत्तनम

(C) बेंगलुरु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** भारत की G20 अध्यक्षता में पर्यटन कार्यसमूह की बैठक कहाँ हुई थी?

(A) पटना (बिहार)

(B) श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर)

(C) रामनगर (उत्तराखंड)

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** इनमें से किसने राष्ट्रीय अंडर-17 बालिका कुश्ती चैम्पीयनशिप में रजत पदक प्राप्त किया?

(A) लीज़ा तोमर

(B) निर्जला

(C) पुष्पा यादव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** Who won the International Booker Prize, 2022 for the novel, *Tomb of Sand*?

(A) Geetanjali Shree and Daisy Rockwell

(B) David Diop and Anna Moschovakis

(C) Marilyn Booth and Jokha Alharthi

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**22.** Who was the Chief Guest on India's 74th Republic Day?

(A) Mohammed bin Salman

(B) Abdel Fattah El-Sisi

(C) Sheikh Mohammed bin Rashid Al Maktoum

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**23.** In which district of Bihar, the first floating solar power plant has been built?

(A) Darbhanga

(B) West Champaran

(C) Madhubani

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**24.** Which of the following has got GI Tag in Bihar?

(A) Maghai Paan

(B) Basmati Rice

(C) Chanderi Saree

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**25.** Match List–I with List–II :

| *List—I* | *List—II* |
|---|---|
| a. Char | 1. Punjab plain |
| b. Kankar | 2. Delta |
| c. Kayal | 3. Bangar |
| d. Mand | 4. Coastal plain |

Select the correct answer using the codes given below.

(A) a b c d
1 4 2 3

(B) a b c d
2 3 4 1

(C) a b c d
3 1 4 2

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**26.** Which of the following tributaries does ***not*** join Brahmaputra river from north?

(A) Subansiri

(B) Belsiri

(C) Manas

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** उपन्यास *टॉम्ब ऑफ सैंड* के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार, 2022 किसने जीता?

(A) गीतांजलि श्री और डेज़ी रॉकवेल

(B) डेविड डिओप और अन्ना मोस्कोवाकिस

(C) मैरीलिन बूथ और जोखा अल्हार्थी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** भारत के 74वें गणतंत्र दिवस पर कौन मुख्य अतिथि थे?

(A) मोहम्मद बिन सलमान

(B) अब्देल फतह अल-सिसी

(C) शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** बिहार के किस ज़िले में प्रथम तैरता हुआ सोलर ऊर्जा संयंत्र बनाया गया है?

(A) दरभंगा

(B) पश्चिम चम्पारण

(C) मधुबनी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** बिहार में निम्नलिखित में से किसे GI टैग मिला है?

(A) मगही पान

(B) बासमती चावल

(C) चंदेरी साड़ी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| **सूची–I** | **सूची–II** |
|---|---|
| a. चार | 1. पंजाब का मैदान |
| b. कंकर | 2. डेल्टा |
| c. कायल | 3. बांगर |
| d. मांड | 4. तटीय मैदान |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) a b c d
1 4 2 3

(B) a b c d
2 3 4 1

(C) a b c d
3 1 4 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** निम्नलिखित में से कौन-सी सहायक नदी ब्रह्मपुत्र से उत्तर दिशा से **नहीं** मिलती है?

(A) सुबनसिरी

(B) बेलसिरी

(C) मानस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** Likhapani glacier is located in which State of India?

(A) Arunachal Pradesh

(B) Himachal Pradesh

(C) Sikkim

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**28.** Magadha and Anga plains are parts of

(A) upper Ganga plain

(B) middle Ganga plain

(C) lower Ganga plain

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**29.** Which of the following pairs of waterfalls and rivers is ***not*** correctly matched?

(A) Jog—Sharavati

(B) Kapildhara—Kaveri

(C) Dhuandhar—Godavari

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**30.** Arrange the following seaports of India from north to south :

1. Kakinada
2. Machilipatnam
3. Nagapattinam
4. Visakhapatnam

Select the correct answer using the codes given below.

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 4, 1, 2, 3

(C) 1, 3, 2, 4

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**31.** The Agreement of Kosi Irrigation and Hydroelectricity Plan in 1954 was signed between which two countries?

(A) India and Bangladesh

(B) India and China

(C) India and Nepal

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**32.** In which climatic division does Bihar fall as per R. L. Singh's classification scheme?

(A) Humid south-east

(B) Subhumid transitional

(C) Subhumid continental

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**27.** लिखापानी हिमनद भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(A) अरुणाचल प्रदेश

(B) हिमाचल प्रदेश

(C) सिक्किम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** मगध एवं अंग का मैदान किसके हिस्से हैं?

(A) ऊपरी गंगा का मैदान

(B) मध्य गंगा का मैदान

(C) निम्न गंगा का मैदान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** जलप्रपात और नदी के निम्नलिखित जोड़ों में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित **नहीं** है?

(A) जोग—शरावती

(B) कपिलधारा—कावेरी

(C) धुआँधार—गोदावरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30.** भारत के निम्नलिखित बंदरगाहों को उत्तर से दक्षिण दिशा में व्यवस्थित कीजिए :

1. काकीनाड़ा
2. मछलीपट्टनम
3. नागपट्टिनम
4. विशाखापत्तनम

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 4, 1, 2, 3

(C) 1, 3, 2, 4

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31.** 1954 में किन दो देशों के बीच कोसी सिंचाई एवं जलविद्युत् परियोजना समझौता हस्ताक्षरित हुआ था?

(A) भारतवर्ष और बांग्लादेश

(B) भारतवर्ष और चीन

(C) भारतवर्ष और नेपाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** आर० एल० सिंह के वर्गीकरण स्कीम के अनुसार, बिहार किस प्रकार के जलवायु प्रदेश में आता है?

(A) आर्द्र दक्षिण-पूर्व

(B) उपार्द्र संक्रमणकालीन

(C) उपार्द्र महाद्वीपीय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** In which Session of the Indian National Congress was the resolution of 'Purna Swaraj' adopted?
- (A) Kanpur Session, 1925
- (B) Lahore Session, 1929
- (C) Karachi Session, 1931
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**34.** What was an initial objective of 'Kuka Movement' in Punjab?
- (A) To purify the Sikh religion
- (B) To gain political power in Punjab
- (C) Organization of peasant movement
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**35.** Who described the Revolt of 1857 as the 'First Indian War of Independence'?
- (A) V. D. Savarkar
- (B) Bal Gangadhar Tilak
- (C) Bipin Chandra Pal
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**36.** Where was the first instance of organized non-cooperation in the history of Indian peasantry held?
- (A) Bihar and Bengal
- (B) Madras Presidency
- (C) Punjab Province
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**37.** Which portfolio did Dr. Rajendra Prasad hold during the Interim Government of 1946?
- (A) Defence
- (B) Home
- (C) Food and Agriculture
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**38.** Who among the following particularly urged Gandhiji to visit Champaran to witness the miseries of the Ryots?
- (A) Brijkishore Prasad
- (B) Rajkumar Shukla
- (C) Sukhram Ganesh
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**39.** The 'Day of Deliverance' was observed by the Muslim League on which date?
- (A) 22nd December, 1939
- (B) 17th October, 1939
- (C) 22nd December, 1940
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

**40.** Who laid the foundation stone of National College and Bihar Vidyapeeth?
- (A) Dr. Rajendra Prasad
- (B) Maulana Abdul Bari
- (C) Mahatma Gandhi
- (D) More than one of the above
- (E) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज' का सिद्धान्त गृहीत हुआ था?

(A) कानपुर अधिवेशन, 1925

(B) लाहौर अधिवेशन, 1929

(C) कराची अधिवेशन, 1931

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** पंजाब में 'कूका आन्दोलन' का प्रारम्भिक उद्देश्य क्या था?

(A) सिक्ख धर्म को परिष्कृत करना

(B) पंजाब में राजनीतिक शक्ति प्राप्त करना

(C) कृषक आन्दोलन का संगठन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** 1857 के विद्रोह को किसके द्वारा 'प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' के रूप में वर्णित किया गया था?

(A) वी० डी० सावरकर

(B) बाल गंगाधर तिलक

(C) बिपिन चन्द्र पाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36.** भारतीय किसानों के इतिहास में संगठित असहयोग का प्रथम उदाहरण कहाँ घटित हुआ था?

(A) बिहार और बंगाल

(B) मद्रास प्रेसीडेंसी

(C) पंजाब प्रॉविन्स

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** वर्ष 1946 में बनी अन्तरिम सरकार में डॉ० राजेन्द्र प्रसाद के पास कौन-सा विभाग था?

(A) रक्षा

(B) गृह

(C) खाद्य एवं कृषि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** गाँधीजी को विशेष रूप से चम्पारण आने और वहाँ के कृषकों की दयनीय स्थिति को देखने हेतु किसने अनुग्रह किया था?

(A) बृजकिशोर प्रसाद

(B) राजकुमार शुक्ल

(C) सुखराम गणेश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** मुस्लिम लीग द्वारा किस तिथि को 'मुक्ति दिवस' मनाया गया था?

(A) 22 दिसम्बर, 1939

(B) 17 अक्तूबर, 1939

(C) 22 दिसम्बर, 1940

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** नैशनल कॉलेज और बिहार विद्यापीठ का शिलान्यास किसने किया था?

(A) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(B) मौलाना अब्दुल बारी

(C) महात्मा गाँधी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## PART—II

### ( HINDI )

**41.** राजस्थानी भाषा का उद्‌भव अपभ्रंश के किस क्षेत्रीय रूप से हुआ है?

(A) अर्धमागधी अपभ्रंश

(B) शौरसेनी अपभ्रंश

(C) ब्राचड़ अपभ्रंश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

(A) ए० पी० शर्मा

(B) जी० बी० वर्गीज

(C) बी० जी० खेर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** निम्नलिखित में से कौन-सी बोली पश्चिमी हिन्दी की **नहीं** है?

(A) ब्रजभाषा

(B) बाँगरू

(C) कन्नौजी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र खड़ी बोली का **नहीं** है?

(A) सहारनपुर

(B) मुरादाबाद

(C) बरेली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** निम्नलिखित बोलियों को उनके क्षेत्र के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| **बोली** | **क्षेत्र** |
|---|---|
| a. अवधी | 1. झाँसी |
| b. बुन्देली | 2. बिलासपुर |
| c. ब्रजभाषा | 3. इलाहाबाद |
| d. छत्तीसगढ़ी | 4. मथुरा |

**कूट :**

(A) a b c d
1 4 3 2

(B) a b c d
2 3 1 4

(C) a b c d
4 2 3 1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** हिन्दी भाषा के विकास के लिए विशेष निदेश भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में हैं?

(A) अनुच्छेद 351

(B) अनुच्छेद 147

(C) अनुच्छेद 349

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**47.** अब तक की जानकारी के अनुसार हिन्दी भाषा में हिन्दी साहित्य के इतिहास लेखन का सबसे पहला प्रयास किस विद्वान् का है?

(A) जॉर्ज ग्रियर्सन

(B) शिव सिंह सेंगर

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** ''चित्तवृत्तियों की परम्परा को परखते हुए साहित्य-परम्परा के साथ सामंजस्य दिखाना ही साहित्य का इतिहास कहलाता है।'' यह विचार किस विद्वान् का है?

(A) रामचंद्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) रामकुमार वर्मा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** मिश्र बंधु द्वारा लिखित 'हिन्दी नवरत्न' में इनमें से किस कवि को स्थान **नहीं** मिला है?

(A) गोस्वामी तुलसीदास

(B) सूरदास

(C) मलिक मुहम्मद जायसी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने 'उत्तर मध्यकाल' को किस नाम से अभिहित किया है?

(A) श्रृंगार काल

(B) रीतिकाल

(C) कला काल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** भारतीय पत्रकारिता का पितामह किसे माना जाता है?

(A) जेम्स हिक्की

(B) गणेश शंकर विद्यार्थी

(C) मदन मोहन मालवीय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**52.** ''तात्पर्य यह है कि छायावाद जिस आकांक्षा का परिणाम था उसका लक्ष्य केवल अभिव्यंजना की रोचक प्रणाली का विकास था।'' छायावाद के संबंध में यह विचार किस विद्वान् का है?

(A) डॉ० नगेन्द्र

(B) पं० शांतिप्रिय द्विवेदी

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** इनमें से किस जैन कवि को अपभ्रंश का वाल्मीकि कहा जाता है?

(A) पुष्पदन्त

(B) स्वयंभू

(C) हेमचंद्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** निम्नलिखित दार्शनिक मतों को उनके प्रवर्तक आचार्यों के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| **दार्शनिक मत** | **प्रवर्तक आचार्य** |
|---|---|
| a. विशिष्टाद्वैतवाद | 1. शंकराचार्य |
| b. शुद्धाद्वैतवाद | 2. रामानुजाचार्य |
| c. अद्वैतवाद | 3. निम्बार्काचार्य |
| d. द्वैताद्वैतवाद | 4. बल्लभाचार्य |

**कूट :**

(A) a b c d
4 1 3 2

(B) a b c d
3 2 4 1

(C) a b c d
1 3 2 4

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** ''प्रगतिवाद केवल साम्यवादी मार्ग को ही अपनाने के लिए विवश है, जबकि प्रगतिशील किसी भी वाद विशेष से आबद्ध नहीं होता।'' यह विचार किस विद्वान् का है?

(A) डॉ० नामवर सिंह

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) गणपति चंद्र गुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** 'प्रपद्यवाद' के अंतर्गत इनमें से किस रचनाकार का नाम सम्मिलित **नहीं** है?

(A) नलिन विलोचन शर्मा

(B) नंद किशोर आचार्य

(C) केशरी कुमार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** ''शमशेर मूड्स के कवि हैं किसी विजन के नहीं।'' यह कथन किस विद्वान् का है?

(A) मलयज

(B) नेमिचंद्र जैन

(C) अशोक वाजपेयी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**58.** इनमें से कौन छायावादी कवि अपने रचनाकाल के अंतिम दौर में प्रगतिवाद के भौतिक दर्शन के साथ-साथ अरविंद दर्शन से प्रभावित हुआ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** "भूलि कहत नवरस सुकवि, सकल मूल सिंगार।" यह विचार रीतिकाल के किस आचार्य का है?

(A) चिंतामणि त्रिपाठी

(B) कुलपति मिश्र

(C) प्रताप साहि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** इन आचार्यों में से अलंकारवादी आचार्य कौन है?

(A) चिंतामणि त्रिपाठी

(B) सोमनाथ

(C) केशवदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** निम्नलिखित कथनों, स्थापना (अ) और तर्क (ब) पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प का चयन कीजिए :

स्थापना (अ) :

पाश्चात्य समीक्षाशास्त्र से परिचित होने के बाद हिन्दी आलोचना का स्वरूप बदला है अब कृति की मूल प्रवृत्तियों एवं शाश्वत तत्त्वों का विवेचन होने लगा है।

तर्क (ब) :

संस्कृत पद्धति पर आधारित आलोचना में केवल शास्त्रीय पक्ष को महत्त्व मिलता है। अतः कृति के समस्त गुण-दोषों का उद्घाटन नहीं हो सकता।

**कूट :**

(A) (अ) और (ब) दोनों सही हैं

(B) (अ) और (ब) दोनों गलत हैं

(C) (अ) गलत और (ब) सही है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62.** इनमें से कौन मनोवैज्ञानिक उपन्यासकार **नहीं** है?

(A) जैनेन्द्र

(B) यशपाल

(C) इलाचंद्र जोशी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**63.** प्रेमचंद के किस उपन्यास में विधवा समस्या है?

(A) गबन

(B) गोदान

(C) रंगभूमि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64.** जयशंकर प्रसाद के किस नाटक में तलाक और पुनर्विवाह की समस्या है?

(A) स्कन्दगुप्त

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) चंद्रगुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** ''आधुनिक काल में गद्य का आविर्भाव सबसे प्रधान घटना है।'' यह कथन किसका है?

(A) रामविलास शर्मा

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** कालिदास के 'शकुंतला' नाटक का खड़ी बोली में अनुवाद किसने किया?

(A) राजा लक्ष्मण सिंह

(B) लल्लूलाल

(C) सदल मिश्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** मोहन राकेश के किस नाटक में टूटते पारिवारिक मूल्यों का चित्रण है?

(A) लहरों के राजहंस

(B) आषाढ़ का एक दिन

(C) पैर तले की ज़मीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** 'कौमुदी महोत्सव' एकांकी किस सम्राट के काल को चित्रित करती है?

(A) सम्राट अशोक

(B) सम्राट समुद्रगुप्त

(C) सम्राट चंद्रगुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** इनमें से कौन प्रगतिवादी परम्परा का कहानीकार **नहीं** है?

(A) इलाचंद्र जोशी

(B) यशपाल

(C) रांगेय राघव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**70.** 'जिन्दगी और गुलाब के फूल' यह प्रसिद्ध कहानी संकलन किसका है?

(A) मन्नू भंडारी

(B) कृष्णा सोबती

(C) शिवानी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71.** ''पं० प्रतापनारायण मिश्र और बालकृष्ण भट्ट ने हिन्दी गद्य-साहित्य में वही काम किया जो अंग्रेजी में एडीसन और स्टील ने किया।'' यह विचार किसका है?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचंद्र शुक्ल

(C) रामविलास शर्मा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72.** 'निर्वैयक्तिकता' का सिद्धांत किसका है?

(A) अरस्तू

(B) क्रोचे

(C) इलियट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73.** साहित्य का उद्देश्य 'विरेचन' किसने माना है?

(A) अरस्तू

(B) प्लेटो

(C) कॉलरिज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** भरतमुनि के रससूत्र की 'अनुमतिवाद' पर आश्रित व्याख्या किस आचार्य की है?

(A) भट्टलोल्लट

(B) अभिनवगुप्त

(C) भट्टनायक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**75.** संस्कृत के किस आचार्य ने 'विशेषोगुणात्मा' सूत्र के आधार पर रीति और गुण में अभेद माना है?

(A) कुन्तक

(B) क्षेमेन्द्र

(C) राजशेखर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**76.** डॉ० नामवर सिंह को उनकी किस आलोचना कृति पर साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है?

(A) छायावाद

(B) इतिहास और आलोचना

(C) कविता के नए प्रतिमान

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| **सूची–1 (प्रवर्तक)** | **सूची–2 (सम्प्रदाय)** |
|---|---|
| a. भरतमुनि | 1. ध्वनि सम्प्रदाय |
| b. आनंदवर्द्धन | 2. वक्रोक्ति सम्प्रदाय |
| c. कुन्तक | 3. रीति सम्प्रदाय |
| d. वामन | 4. रस सम्प्रदाय |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78.** क्रोचे के अभिव्यंजनावाद को वक्रोक्ति सिद्धांत का 'विलायती संस्करण' किसने कहा है?

(A) श्यामसुंदर दास

(B) नंददुलारे वाजपेयी

(C) गुलाबराय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**79.** 'स्त्री-विमर्श' पर आधारित 'तब्दील निगाहें' किस लेखिका की कृति है?

(A) कृष्णा सोबती

(B) मैत्रेयी पुष्पा

(C) ऊषा प्रियंवदा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' नामक कृति के लेखक हैं

(A) डॉ० एन० सिंह

(B) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(C) रवीन्द्र प्रभात

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81.** आदिवासी विमर्श पर आधारित 'आदिवासियों का संसार' नामक पुस्तक के लेखक हैं

(A) मैत्रेयी पुष्पा

(B) रमणिका गुप्ता

(C) भारती मीणा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** "संदेश यहाँ मैं नहीं स्वर्ग का लाया।
इस भूतल को ही स्वर्ग बनाने आया॥"
उपर्युक्त पंक्तियों के रचयिता हैं

(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(B) माखनलाल चतुर्वेदी

(C) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83.** रामधारी सिंह 'दिनकर' को उनकी किस कृति पर 'भारतीय ज्ञानपीठ' पुरस्कार प्राप्त हुआ है?

(A) रश्मिरथी

(B) कुरुक्षेत्र

(C) उर्वशी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** निम्नलिखित में से कौन-सा रासो ग्रंथ छंदों का अजायबघर कहलाता है?

(A) परमाल रासो

(B) पृथ्वीराज रासो

(C) बीसलदेव रासो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** कबीर उलटबासियों के विशेषज्ञ माने जाते हैं, इससे पहले उलटबासियाँ किस साहित्य में प्राप्त होती हैं?

(A) बौद्ध साहित्य

(B) सूफी साहित्य

(C) सिद्ध साहित्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** मैथिलीशरण गुप्त को 'राष्ट्रकवि' की उपाधि किसने दी?

(A) महात्मा गाँधी

(B) इंदिरा गाँधी

(C) रामचंद्र शुक्ल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**87.** निम्नलिखित कृतियों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| | कृति | | रचनाकार |
|---|---|---|---|
| a. | अकाल और उसके बाद | 1. | मुक्तिबोध |
| b. | कलगी बाजरे की | 2. | भवानी प्रसाद मिश्र |
| c. | गीतफरोश | 3. | अज्ञेय |
| d. | ब्रह्मराक्षस | 4. | नागार्जुन |

**कूट :**

(A) a b c d
2 1 4 3

(B) a b c d
4 3 2 1

(C) a b c d
3 4 1 2

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** ''एक आदमी रोटी बेलता है,
एक आदमी रोटी खाता है,
एक तीसरा आदमी भी है,
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है।''

उपर्युक्त पंक्तियाँ धूमिल की किस कविता से हैं?

(A) नक्सलबाड़ी

(B) मोचीराम

(C) अकाल दर्शन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** कमलेश्वर द्वारा रचित कहानी **नहीं** है

(A) एक और जिन्दगी

(B) राजा निरबंसिया

(C) मांस का दरिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** 'चंद्रगुप्त' नाटक में दृश्यों की कुल संख्या है

(A) 40

(B) 44

(C) 45

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**91.** 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास के नायक के चरित्र की प्रमुख विशेषता है

(A) विनम्रता

(B) भावुकता

(C) उदारता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** 'महामाया' हजारी प्रसाद द्विवेदी के किस उपन्यास की पात्र है?

(A) पुनर्नवा

(B) अनामदास का पोथा

(C) बाणभट्ट की आत्मकथा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**93.** 'गैंग्रीन' कहानी के लेखक हैं

(A) निर्मल वर्मा

(B) कमलेश्वर

(C) ज्ञान रंजन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**94.** बहुत कम कहानी लिखकर भी सर्वाधिक लोकप्रियता प्राप्त कहानीकार इनमें से कौन हैं?

(A) सुदर्शन

(B) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(C) विश्वंभरनाथ शर्मा 'कौशिक'

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95.** प्रजातंत्र और लोकतंत्र के नाम पर हमारे चारों ओर फलने-फूलने वाली राजनीतिक संस्कृति के प्रतिनिधि पात्र वैद्य जी किस उपन्यासकार की सृष्टि हैं?

(A) अमृतलाल नागर

(B) राही मासूम रज़ा

(C) शिव प्रसाद सिंह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**96.** अमृतलाल नागर का कौन-सा उपन्यास महाकवि सूरदास पर आधारित है?

(A) बूँद और समुद्र

(B) खंजन नयन

(C) अमृत और विष

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** ''जिसे संसार दुःख कहता है, वही कवि के लिए सुख है। धन और ऐश्वर्य, रूप और बल, विद्या और बुद्धि, ये विभूतियाँ चाहे संसार को कितना ही मोहित कर लें, कवि के लिए यहाँ जरा भी आकर्षण नहीं है।'' यह कथन 'गोदान' के किस पात्र का है?

(A) मेहता

(B) मालती

(C) मिल मालिक खन्ना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**98.** 'देवसेना' जयशंकर प्रसाद के किस नाटक की पात्र हैं?

(A) अजातशत्रु

(B) ध्रुवस्वामिनी

(C) स्कंदगुप्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**99.** 'लघुमानव' की महत्ता को किसने प्रतिपादित किया?

(A) दुष्यंत कुमार

(B) विजयदेव नारायण साही

(C) धूमिल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** इनमें से किस लेखक के निबंध 'ललित निबंध' विधा के प्रस्थान बिन्दु बने?

(A) कुबेरनाथ राय

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) विद्यानिवास मिश्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश** (प्रश्न संख्या **101** से **105** तक) : इस खण्ड में नीचे दिए गए गद्यांश से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में अंकित कीजिए।

राष्ट्रीयता के विकास के लिए भाषा एक महत्त्वपूर्ण तत्त्व है। भाषा ही एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य और मानव-समुदाय अपने भावों को एक-दूसरे के सामने प्रकट करते हैं। जिस प्रकार पहाड़, नदी तथा समुद्र मनुष्य के आपस में मिलने-जुलने में रुकावट पैदा करते हैं, वैसे ही भाषा की भिन्नता मनुष्यों में पारस्परिक संबंध स्थापित करने में बाधक होती है। मनुष्य के विभिन्न समुदायों के अपने-अपने आदर्श, विचार और अपनी-अपनी भावनाएँ होती हैं जिनकी अभिव्यक्ति भाषा द्वारा होती है। संगीत और साहित्य की अभिव्यक्ति का साधन भी भाषा ही है। भाषा एक ऐसा साधन है, जिससे मनुष्य एक-दूसरे के समीप आ जाते हैं, उनमें घनिष्ठता स्थापित हो जाती है। यही कारण है कि एक भाषा बोलने वाले लोग परस्पर सहानुभूति रखते हैं। राष्ट्रीयता की भावना के लिए भाषा तत्त्व परम आवश्यक है।

**101.** उपर्युक्त गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा?

(A) राष्ट्रीयता और मनुष्य

(B) भाषा का महत्त्व

(C) अभिव्यक्ति का साधन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102.** 'अभिव्यक्ति' शब्द का अर्थ है

(A) खोज करना

(B) वार्ता करना

(C) प्रकट करना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**103.** 'प्रकट' का विलोम शब्द है

(A) गुप्त

(B) पारदर्शी

(C) सूक्ष्म

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** 'नदी' का पर्यायवाची शब्द **नहीं** है

(A) तरंगिणी

(B) इला

(C) तटिनी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**105.** गद्यांश का आशय है

(A) भाषा की समानता मनुष्यों को निकट लाती है

(B) राष्ट्रीयता भाषा का विकास करती है

(C) साहित्य एवं संगीत राष्ट्र का निर्माण करते हैं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** गुणवाचक विशेषण **नहीं** है

(A) पतला

(B) चौगुना

(C) घना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**107.** 'एक आँख से देखना' मुहावरे का अर्थ है

(A) बराबर मानना

(B) कम दिखाई देना

(C) बारीकी से देखना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** किस शब्द में दीर्घ स्वरसंधि **नहीं** है?

(A) महाशय

(B) महोत्सव

(C) पितृण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**109.** ''मैंने रमेश को मारा था।'' वाक्य में भूतकाल का कौन-सा भेद है?

(A) सामान्य भूतकाल

(B) पूर्ण भूतकाल

(C) संदिग्ध भूतकाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110.** ''मनोज पुस्तक पढ़ता है।'' वाक्य में वाच्य है

(A) कर्मवाच्य

(B) कर्तृवाच्य

(C) भाववाच्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**111.** द्वंद्व समास का उदाहरण है

(A) प्रतिदिन

(B) भूखा-प्यासा

(C) बेकाम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**112.** शुद्ध वर्तनी है

(A) सम्राज्य

(B) श्राप

(C) पैतृक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**113.** 'चट मंगनी पट ब्याह' लोकोक्ति का अर्थ है

(A) शीघ्र विवाह होना

(B) अड़चन दूर होना

(C) तत्काल कार्य होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**114.** 'अनल–अनिल' श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ हैं

(A) अग्नि–वायु

(B) हवा–पानी

(C) जल–आकाश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**115.** 'वाग्जाल' का संधि-विच्छेद होगा

(A) वाग+जाल

(B) वाक्+जाल

(C) वाग्+जाल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** 'अ' प्रत्यय से युक्त शब्द **नहीं** है

(A) मौन

(B) शैव

(C) कुलीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** अशुद्ध वाक्य है

(A) आज दिन सबसे अच्छा है।

(B) मैं प्रातःकाल के समय घूमने जाता हूँ।

(C) तुम्हें इतनी देर क्यों हुई?

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**118.** ''अस्पताल में मरीज की मृत्यु हो जाने के बाद जब डॉक्टर इलाज के लिए आया, लोगों ने कहा कि _____।'' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है

(A) का वर्षा जब कृषि सुखानी

(B) ओस के चाटे प्यास नहीं बुझती

(C) नक्कारखाने में तूती की आवाज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**119.** द्विगु समास का प्रयोग किस वाक्य में हुआ है?

(A) मोहन के घर के निकट चौराहा है।

(B) तुम बेखटके आ सकते हो।

(C) विक्रमादित्य के राजदरबार में बहुत से विद्वान थे।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** किस वाक्य में प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग हुआ है?

(A) मेरे हाथ खुजलाते हैं।

(B) पिता पुत्र से पत्र लिखवाता है।

(C) लड़का अपने को सुधार रहा है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

www.prepp.in

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

www.prepp.in

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

www.prepp.in

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

★ ★ ★

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17/MV/M–2023–01**

**पुस्तिका शृंखला**

**A**

**उम्मीदवार का अनुक्रमांक**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**प्रश्न-पुस्तिका**

# सामान्य अध्ययन एवं हिन्दी

## पत्र—3

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 120**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

### महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भागों में विभाजित है—भाग–I एवं भाग–II। भाग–I में **सामान्य अध्ययन** के प्रश्न हैं तथा भाग–II में **हिन्दी** के प्रश्न हैं।
2. भाग–I में प्रश्न संख्या **1** से **40** तक (प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं) तथा भाग–II में प्रश्न संख्या **41** से **120** तक हैं।
3. **भाग–I** एवं **भाग–II** के प्रश्नों का उत्तर दें।
4. **सभी** प्रश्नों का अंक समान है।
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु चार पृष्ठों (पृष्ठ सं० 28 से 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-1 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. प्रत्येक प्रश्न के **पाँच** उत्तर—(A), (B), (C), (D) और (E) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर करेगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **पाँच** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ और Ⓔ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गये अंकों का **एक-चौथाई** अंक दण्ड के रूप में काटा जायेगा।
12. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
13. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
14. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.